भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1391**
08.12.2015 को उत्तर के लिए

## भारतीय वन अधिनियम का उल्लंघन

**1391. श्री अभिषेक बनर्जी:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कुल वन क्षेत्र कितना है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान वन क्षेत्र में हुई वृद्धि/कमी का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कितने वन क्षेत्र को उद्योगों, आवासीय क्षेत्रों, सडक़ों, रेलवे तथा अन्य प्रयोजनों के लिए विपथित किया गया;

(ग) राज्य-वार कितना वन क्षेत्र आरक्षित वन, संरक्षित वन तथा ग्राम वन माना जाता है;

(घ) लकड़ी और अन्य वन उत्पादों पर कितनी धनराशि का शुल्क लगाया गया है; और

(ङ) भारतीय वन क्षेत्र, 1927 के उल्लंघन के कितने मामलों का पता चला और ऐसे उल्लंघन के लिए कितने लोगों को अभियोजित किया गया?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रकाश जावडेकर)**

(क) भारत, वन-स्थिति रिपोर्ट-2013 के अनुसार देश का कुल वनावरण, 6,97,898 वर्ग कि.मी. है जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.23 प्रतिशत है । भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2011 की तुलना में देश के वनावरण में 5871 वर्ग कि.मी. की निवल वृद्धि हुई है । राज्य/संघ राज्य-क्षेत्रों में वनावरण में वृद्धि/कमी दर्शाने वाला विस्तृत सूची **अनुबंध-I** में दी गई है ।

(ख) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार ने सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए 4,725 मामलों में 1,28,591 हेक्टेयर वन भूमि पर अनुमोदन प्रदान किए हैं । ऐसे कार्यकलापों के लिए वन क्षेत्रों के उपयोग का अनुमोदन, पर्याप्त पर्यावरणीय सुरक्षोपाय और विकास कार्यकलापों हेतु प्रयोग किए जाने के लिए प्रस्तावित वन भूमि के बदले में वनीकरण के साथ केन्द्र सरकार द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत, प्रदान किया जाता है ।

(ग) भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा प्रकाशित भारत वन स्थिति रिपोर्ट में सुरक्षित वन, संरक्षित वन और अवर्गीकृत वन की श्रेणियों में वर्गीकृत वन क्षेत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाती है। भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2013 के अनुसार राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है ।

(घ) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा इमारती लकड़ी और अन्य वन उत्पाद पर प्रचलित नियमों तथा विनियमों के अनुसार शुल्क लगाया जाता है । मंत्रालय द्वारा इस जानकारी का संकलन और रख-रखाव नहीं किया जाता है ।

(ङ.) वनों का संरक्षण और प्रबंधन प्राथमिक रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार की जिम्मेदारी है । वन संबंधी अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई विभिन्न अधिनियमों जैसे भारतीय अधिनियम, 1927; वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972; वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के उपबंधों और संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा बनाए गए विभिन्न राज्य विशिष्ट नियमों एवं विनियमों के अनुसार की जाती है । भारतीय वन अधिनियम, 1927 के उल्लंघन से संबंधित सूचना का संकलन मंत्रालय के स्तर पर नहीं किया जाता है ।

अनुबंध-।

'भारतीय वन अधिनियम का उल्लंघन' के संबंध में दिनांक 08.12.2015 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं 1391 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर)-2013 के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में वनावरण में परिवर्तन

(क्षेत्रफल वर्ग किलोमीटर में)

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | भौगोलिक क्षेत्र | कुल वनावरण 2011 | कुल वनावरण 2013 | 2011 के मूल्यांकन की तुलना में वनावरण में परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश | 275069 | 46389 | 46116 | -273 |
| अरूणाचल प्रदेश | 83743 | 67410 | 67321 | -89 |
| असम | 78438 | 27673 | 27671 | -2 |
| बिहार | 94163 | 6845 | 7291 | 446 |
| छत्तीसगढ़ | 135191 | 55674 | 55621 | -53 |
| दिल्ली | 1483 | 176.2 | 180 | 3.61 |
| गोवा | 3702 | 2219 | 2219 | 0.00 |
| गुजरात | 196022 | 14619 | 14653 | 34 |
| हरियाणा | 44212 | 1608 | 1586 | -22 |
| हिमाचल प्रदेश | 55673 | 14679 | 14683 | 4 |
| जम्मू और कश्मीर | 222236 | 22539 | 22538 | -1 |
| झारखंड | 79714 | 22977 | 23473 | 496 |
| कर्नाटक | 191791 | 36194 | 36132 | -62 |
| केरल | 38863 | 17300 | 17922 | 622 |
| मध्य प्रदेश | 308245 | 77700 | 77522 | -178 |
| महाराष्ट्र | 307713 | 50646 | 50632 | -14 |
| मणिपुर | 22327 | 17090 | 16990 | -100 |
| मेघालय | 22429 | 17275 | 17288 | 13 |
| मिजोरम | 21081 | 19117 | 19054 | -63 |
| नागालैंड | 16579 | 13318 | 13044 | -274 |
| ओडिशा | 155707 | 48903 | 50347 | 1444 |
| पंजाब | 50362 | 1764 | 1772 | 8 |
| राजस्थान | 342239 | 16087 | 16086 | -1 |
| सिक्किम | 7096 | 3359 | 3358 | -1 |
| तमिलनाडु | 130058 | 23625 | 23844 | 219 |
| त्रिपुरा | 10486 | 7977 | 7866 | -111 |
| उत्तर प्रदेश | 240928 | 14338 | 14349 | 11 |
| उत्तराखंड | 53483 | 24496 | 24508 | 12 |
| पश्चिम बंगाल | 88752 | 12995 | 16805 | 3810 |
| अंडमान एवं निकोबार | 8249 | 6724 | 6711 | -13 |
| चंडीगढ़ | 114 | 17 | 17.26 | 0.26 |
| दादरा एवं नगर हवेली | 491 | 211 | 213 | 2 |
| दमन एवं दीव | 112 | 6.15 | 9.27 | 3.12 |
| लक्षद्वीप | 32 | 27.06 | 27.06 | 0 |
| पुदुचेरी | 480 | 50.06 | 50.06 | 0 |
| **कुल योग** | **3287263** | **692027** | **697898** | **5871** |

अनुबंध-।।

'भारतीय वन अधिनियम का उल्लंघन' के संबंध में दिनांक 08.12.2015 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं 1391 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

सुरक्षित वन, संरक्षित वन और अवर्गीकृत वन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण

(क्षेत्रफल वर्ग किलोमीटर में)

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सुरक्षित वन क्षेत्र (1) | संरक्षित वन क्षेत्र (2) | अवर्गीकृत वन क्षेत्र (3) | कुल (1+2+3) |
|---|---|---|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश | 50,479 | 12,365 | 970 | 63,814 |
| अरूणाचल प्रदेश | 10,723 | 9,779 | 31,039 | 51,541 |
| असम | 17,864 | 0 | 8,968 | 26,832 |
| बिहार | 693 | 5,779 | 1 | 6,473 |
| छत्तीसगढ़ | 25,782 | 24,036 | 9,954 | 59,772 |
| दिल्ली | 78 | 7 | 0 | 85 |
| गोवा | 253 | 0 | 972 | 1,225 |
| गुजरात | 14,373 | 2,886 | 4,388 | 21,647 |
| हरियाणा | 249 | 1,158 | 152 | 1,559 |
| हिमाचल प्रदेश | 1,898 | 33,130 | 2,005 | 37,033 |
| जम्मू और कश्मीर | 17,643 | 2,551 | 36 | 20,230 |
| झारखंड | 4,387 | 19,185 | 33 | 23,605 |
| कर्नाटक | 28,690 | 3,931 | 5,663 | 38,284 |
| केरल | 11,309 | 0 | 0 | 11,309 |
| मध्य प्रदेश | 61,886 | 31,098 | 1,705 | 94,689 |
| महाराष्ट्र | 51,548 | 6,727 | 3,082 | 61,357 |
| मणिपुर | 1,467 | 4,171 | 11,780 | 17,418 |
| मेघालय | 1,113 | 12 | 8,371 | 9,496 |
| मिजोरम | 7,909 | 3,568 | 5,240 | 16,717 |
| नागालैंड | 86 | 508 | 8,628 | 9,222 |
| ओडिशा | 26,329 | 15,525 | 16,282 | 58,136 |
| पंजाब | 44 | 1,137 | 1,903 | 3,084 |
| राजस्थान | 12,475 | 18,217 | 2,045 | 32,737 |
| सिक्किम | 5,452 | 389 | 0 | 5,841 |
| तमिलनाडु | 19,388 | 2,183 | 1,306 | 22,877 |
| त्रिपुरा | 4175 | 2 | 2117 | 6,294 |
| उत्तर प्रदेश | 11,660 | 1,420 | 3,503 | 16,583 |
| उत्तराखंड | 24,643 | 9,885 | 123 | 34,651 |
| पश्चिम बंगाल | 7,054 | 3,772 | 1,053 | 11,879 |
| अंडमान एवं निकोबार | 5,613 | 1,558 | 0 | 7,171 |
| चंडीगढ़ | 32 | 0 | 3 | 35 |
| दादरा एवं नगर हवेली | 199 | 5 | 0 | 204 |
| दमन एवं दीव | 0.24 | 0 | 8.03 | 8.27 |
| लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| पुदुचेरी | 0 | 2 | 11 | 13 |
| **कुल योग** | **425,494** | **214,986** | **131,341** | **771,821** |